Amar Ujala   Edition Delhi
28.1.2017 Page 1
Height 14.75cm Width 15.09 cm

कैशलेस ट्रांजेक्शन के लिए जल्द शुरू होगी आधार भुगतान सेवा

नई दिल्ली। सरकार जल्दी ही आधार भुगतान सेवा शुरू करेगी। इसके जरिए लोग अपनी आधार संख्या और बायोमेट्रिक्स का उपयोग कर धन का लेनदेन कर सकेंगे।

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने शुक्रवार को कहा कि सरकार आधार भुगतान सेवा शुरू करने जा रही है। इसके साथ लोगों को भुगतान के लिए अपना फोन ढोने की आवश्यकता नहीं होगी। वे किसी भी दुकान में जाकर अपनी आधार संख्या साझा कर सकते हैं और भुगतान करने या धन प्राप्त करने के लिए खुद के सत्यापन के लिए बायोमेट्रिक्स का उपयोग कर सकते हैं। प्रसाद ने संवाददाताओं से कहा कि आधार भुगतान के लिए 14 बैंक साथ आए हैं और जल्द ही यह सेवा शुरू कर दी जाएगी।

मंत्री ने बताया कि अन्य बैंकों के साथ भी बात हो रही है। सूत्रों के अनुसार कुछ बैंकों ने अपने एप्लीकेशन को विकसित कर लिया है और आंध्र प्रदेश में इसका परीक्षण हो रहा है। मंत्री ने यह भी कहा कि एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) का उपयोग कर त्वरित भुगतान के लिए भारत इंटरफेस फार मनी (भीम) को भी आधार युक्त भुगतान प्रणाली से जोड़ा जाएगा। एजेंसी

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने कहा- सेवा शुरू होने के बाद फोन ढोने की जरूरत नहीं रहेगी